हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 33.7°C
न्यूनतम 23.2°C

शहर में आज
- वार्ड नंबर 6 में स्वच्छता अभियान की शुरुआत सुबह 7 बजे
- गांधी जयंती पर 'सेवा संकल्प अभियान' की शुरुआत सुबह 10 बजे
- मदन लाल धींगडा कम्युनिटी सेंटर में भागवत कथा का पांचवां दिन शाम 4 बजे

खबर संक्षेप

पिस्तौल व 8 कारतूसों के साथ युवक गिरफ्तार
रोहतक। लाखनमाजरा क्षेत्र में अवैध हथियार लेकर घूम रहे युवक को अपराध शाखा महम की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान मोहित पुत्र धर्मबीर निवासी सनफेड़ा, सोनीपत, हाल निवासी नेहरू कॉलोनी, रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना लाखनमाजरा में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर अदालत में पेश किया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप के नेतृत्व में अपराध शाखा महम की टीम लाखनमाजरा चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि जींद रोड पर भगवतीपुर पुल के नीचे नेहरू कॉलोनी निवासी युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान मोहित के रूप में हुई।

मदीना के मोहित पर हमले का 5वां आरोपी गिरफ्तार
रोहतक। मदीना निवासी मोहित पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे पांचवें आरोपी करनल पुत्र आनंद निवासी मदीना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि मोहित की शिकायत पर 6 अगस्त को केस दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, मोहित अपने दोस्तों तनुज, मोहित और नितिन के साथ खरैंटी में दोस्त नकुल से मिलने गया था। लौटते समय बिना नंबर की बोलेरो उनकी कार के आगे चल रही थी। ओवरटेक करने के बाद बोलेरो सवार रोहित निवासी मदीना, सचिन, मोनू और एक अन्य युवक नीचे उतरे। आरोप है कि सचिन ने पिस्तौल से मोहित पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। मोहित ने कार पीछे कर मौके से निकलकर जान बचाई। पुलिस के अनुसार, चार आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुके हैं। अपराध शाखा महम मामले की जांच कर रही है।

युवक पर रॉड से हमला करने का आरोप, केस
रोहतक। कलानौर में खेत से घर लौट रहे वार्ड नंबर-5 निवासी सुनील दुआ का रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 अक्टूबर सुबह करीब 10 बजे वह खेत से लौट रहा था। बसाना रोड पर खड्डू, उसका भाई, मां और उनके साथी पहले से मौजूद थे। आरोप है कि उन्होंने रास्ता रोककर मारपीट की। खड्डू के हाथ में रॉड थी और उसके भाई व अन्य लोगों ने भी रॉड से हमला किया। भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सुनील ने बताया कि खड्डू ने एक दिन पहले भी उसे धमकी दी थी। उसके भाई सुरेश ने उसे उत्तम क्लिनिक एंड रूरल मेडिकल सेंटर पहुंचाया। चिकित्सक ने उसे बयान के लिए फिट बताया, जिसके बाद उसने लिखित शिकायत दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार से मिले सुसाइड नोट और पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने की कार्रवाई
एडवोकेट प्रदीप नारा की मौत में 10 पर खुदकुशी के लिए मजबूर करने का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





नगर निगम की पूर्व पार्षद दीपिका नारा के पति एडवोकेट प्रदीप नारा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। जिस घटना को शुरुआती जांच में आत्महत्या माना जा रहा था, उसमें कार से मिले सुसाइड नोट और मृतक के पिता की शिकायत के बाद पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपियों में मध्यप्रदेश की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी का संचालक समेत रोहित नारा, महेंद्र नारा, हर्ष, दीपक, अजय, अभिमन्यु, महिपाल, महाबीर, सविंद्र और आशीष शामिल हैं। थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने 10 लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, शव का बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। दोपहर बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मध्यप्रदेश में चल रहा था कंपनी का काम
जनता कॉलोनी निवासी देवेंद्र नारा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से झज्जर जिले के गांव मदाना खुर्द के रहने वाले हैं। उनका इकलौता बेटा प्रदीप कुमार करीब 40 वर्ष का था और ठेकेदारी का काम करता था। उसकी कंपनी पी.के. कंस्ट्रक्शन हरियाणा के अलावा मध्यप्रदेश में सड़क और भवन निर्माण से जुड़े कार्य करती थी। फिलहाल कंपनी का काम मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में चल रहा था।

2.88 करोड़ के बिल की पेमेंट को लेकर विवाद
शिकायत के अनुसार, प्रदीप की कंपनी ने वर्ष 2023 में दूसरी कंपनियों से निर्माण कार्यों के ठेके लिए थे। प्रदीप ने अगस्त 2025 में करीब 2.88 करोड़ रुपये के बिल भुगतान के लिए जमा किए थे। पिता का आरोप है कि महेंद्र, रोहित और महिपाल की ओर से इन बिलों की राशि का भुगतान नहीं किया गया। जब प्रदीप अपनी मेहनत की रकम मांगता तो उसे कथित तौर पर टालमटोल के साथ डराया-धमकाया जाता था।

होटल से अगवा कर जंगल में ले जाने का आरोप
देवेंद्र नारा ने शिकायत में दिसंबर 2025 की एक घटना का भी उल्लेख किया है। उनका आरोप है कि पैसों के विवाद के चलते प्रदीप को मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ स्थित एक होटल से अगवा किया गया। शिकायत के मुताबिक, रात के खाने के दौरान उसे नशीला पदार्थ दिया गया और विवाद के बाद जबरदस्ती कार में बैठाकर बांधवगढ़ टाइगर सफारी के कोर एरिया स्थित जंगल की तरफ ले जाया गया। पुलिस अब शिकायत में लगाए गए इन आरोपों की जांच करेगी।

कटनी के प्लॉट पर भी विवाद का आरोप
परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रदीप के कटनी स्थित एक प्लॉट को भी आरोपियों की ओर से विवादित बताया जाने लगा था। पिता के मुताबिक, इससे प्रदीप पर आर्थिक दबाव बढ़ गया और वह अपनी संपत्ति बेचकर देनदारियों का निपटारा नहीं कर पा रहा था। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि बाद में प्रदीप की ओर से दिए गए चेक बाउंस हो गए, जिसके कारण वह मानसिक और आर्थिक परेशानी में था। प्रदीप की मौत के बाद पुलिस को उसकी कार से सुसाइड नोट मिला था। इसके बाद पिता की ओर से दी गई शिकायत में लगाए गए आरोपों को भी जांच में शामिल किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 10 नामजद लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब सुसाइड नोट की सामग्री, पैसों के लेन-देन, निर्माण कार्यों की पेमेंट, चेक बाउंस और मध्यप्रदेश में बताई गई घटनाओं समेत अन्य पहलुओं की जांच करेगी।

पीजीआई में ओपीडी पंजीकरण अब सुबह साढ़े 8 से 1 बजे तक

ओपीडी में आठ हजार से ज्यादा मरीज आ रहे, समय कम मिलने से मरीजों को हो सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस में गुरुवार से नई समय सारिणी लागू कर दी गई है। निदेशक कार्यालय द्वारा जारी ऑफिस ऑर्डर के अनुसार नया समय 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जनसंपर्क विभाग के प्रभारी डॉ. उमेश यादव ने बताया कि सभी विभागों, ओपीडी, ओटी और प्रशासनिक कार्यालयों का समय बदल दिया गया है। ओपीडी में मरीजों के पंजीकरण का समय सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। एक बजे तक पंजीकृत सभी मरीजों को देखा जाएगा। चौ. रणबीर सिंह ओपीडी स्थित सैंपल कलेक्शन सेंटर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिना रुके चलेगा। निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों के जाने से पहले उनके सभी सैंपल ले लिए जाएं। ऑपरेशन थियेटरों का समय सुबह 9 बजे से शुरू होगा। हालांकि दूर-दराज से आने वाले मरीजों के सामने दिक्कतें आ सकती हैं। उन्हें उपचार के लिए समय पर पहुंचना होगा। यहां प्रदेश भर से करीब आठ हजार मरीज उपचार के लिए आते हैं।



आज बंद रहेगी ओपीडी इमरजेंसी सेवाएं जारी
2 अक्टूबर गांधी जयंती के राजपत्रित अवकाश के चलते पीजीआई की ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। इस संबंध में जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ मंजूनाथ बी सी ने बताया कि 2 अक्टूबर शुक्रवार को गांधी जयंती पर सरकारी अवकाश है, इसलिए चौ. रणबीर सिंह ओपीडी, स्पेशल ओपीडी और सभी विभागों की नियमित ओपीडी बंद रहेगी। मरीजों का पंजीकरण नहीं होगा। अवकाश के दौरान अस्पताल की इमरजेंसी, ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू, लेबर रूम, ब्लड बैंक और इनडोर वार्डों की सेवाएं पहले की तरह 24 घंटे जारी रहेंगी। गंभीर और दुर्घटना के मरीजों को इमरजेंसी में देखा जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि नियमित जांच के लिए आने वाले मरीज 2 अक्टूबर को ओपीडी में न आएं और 3 अक्टूबर शनिवार को निर्धारित समय पर इलाज के लिए ओपीडी में पहुंचें।

आरटीओ चालान के नाम पर फर्जी लिंक डाउनलोड करवा खाते से 5.14 लाख उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आरटीओ चालान के नाम पर मोबाइल पर आई फर्जी लिंक फाइल ने गांधी नगर निवासी युवक के बैंक खाते पर ऐसा वार किया कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला। युवक ने अनजाने में फाइल डाउनलोड की तो मोबाइल की स्क्रीन ब्लैक हो गई। फोन को फॉर्मेट करवाने के बाद जब बैंक खाते की जानकारी ली तो उसके होश उड़ गए। खाते से पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 5 लाख 14 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चालान के नाम पर भेजा फर्जी लिंक
गांधी नगर निवासी चिराग पुत्र कृष्ण लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मोबाइल नंबर का इस्तेमाल करता है। 24 और 25 सितंबर की रात उसके मोबाइल पर चालान के नाम से एक अनजान नंबर से लिंक भेजा गया। चालान से संबंधित मैसेज समझकर उसने गलती से फाइल डाउनलोड कर ली। फाइल डाउनलोड होते ही उसके मोबाइल की स्क्रीन ब्लैक हो गई। सुबह फोन देखने पर भी स्क्रीन पर कुछ दिखाई नहीं दिया। इसके बाद वह मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान पर पहुंचा। वहां जांच के बाद उसे बताया गया कि फोन में आया लिंक फाइल के कारण मोबाइल हैक हुआ है और इसे ठीक करने के लिए फोन को फॉर्मेट करना पड़ेगा।

मोबाइल फोन फॉर्मेट करवाकर बैंक पहुंचा तो खुला 5 ट्रांजेक्शन का राज
चिराग ने मोबाइल को फॉर्मेट करवा दिया। इसके बाद उसने अपने बैंक खाते की जानकारी ली तो पता चला कि उसके मोबाइल नंबर से लिंक खाते से बिना अनुमति के पांच ट्रांजेक्शन किए गए हैं। इन सभी ट्रांजेक्शन के जरिए उसके खाते से कुल 5.14 लाख रुपये दूसरे खाते में भेज दिए गए। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार रकम एक ही खाते में ट्रांसफर की गई। पहली ट्रांजेक्शन 24 सितंबर को 1.10 लाख रुपये की हुई, जबकि 25 सितंबर को चार ट्रांजेक्शन के जरिए 95 हजार, 1.07 लाख, 1.03 लाख और 99 हजार रुपये निकाले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है

एमडीयू में छात्राओं का हंगामा: मांगों को लेकर वीसी कार्यालय का घेराव किया
रीडिंग हॉल की सुविधा 24×7 दी जाए : छात्राएं | पहले 50% अभिभावक लिखित में दें : प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 24×7 रीडिंग हॉल और समान शैक्षणिक सुविधाओं की मांग को लेकर छात्राओं का आंदोलन तेज हो गया है। वीरवार को आंदोलनरत छात्राएं वीसी कार्यालय पहुंचीं, जहां कुलपति, रजिस्ट्रार और प्रॉक्टर के साथ उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में छात्राओं ने यूजीसी की 2015 गाइडलाइंस का हवाला देते हुए सुरक्षा के नाम पर अपनी स्वतंत्रता और शैक्षणिक अवसरों पर लगने वाले प्रतिबंधों को भेदभावपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि लड़कों की तरह लड़कियों को भी चौबीसों घंटे लाइब्रेरी और रीडिंग हॉल की सुविधा मिलनी चाहिए। छात्राओं की सेंट्रल लाइब्रेरी तक रात के समय पहुंच और कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हाल ही में उठे सवालों पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है।



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 24×7 रीडिंग हॉल समान शैक्षणिक सुविधा के लिए प्रदर्शन करतीं छात्राएं।

हॉस्टल के अंदर उपलब्ध करवाई जा रहीं अध्ययन सुविधाएं
प्राक्टर प्रो राजेश पुनिया ने बताया कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और उन्हें हॉस्टल परिसर के भीतर ही सभी आधुनिक अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन ने कहा कि प्रॉस्पेक्टस के प्रावधानों के अनुसार, बिना अभिभावकों की अनुमति के छात्राओं को रात के समय बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। माता-पिता अपने बच्चों को सुरक्षित माहौल में पढ़ने के लिए भेजते हैं, ऐसे में विश्वविद्यालय की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अभिभावक की भूमिका निभाए। यदि किसी छात्रा के माता-पिता या अभिभावक लिखित रूप में यह सहमति देते हैं कि उनकी बेटी को रात के समय सेंट्रल लाइब्रेरी जाने की अनुमति दी जाए (जबकि हॉस्टल के भीतर सभी सुविधाएं मिल रही हैं) और यदि 50 प्रतिशत से अधिक अभिभावक ऐसा लिखित रूप में देते हैं, तो विवि प्रशासन इस नियम पर आगे विचार कर सकता है।

लगभग सवा किलोमीटर है गर्ल्स हॉस्टल से सेंट्रल लाइब्रेरी की दूरी
प्रो राजेश पुनिया ने बताया कि गर्ल्स हॉस्टल से सेंट्रल लाइब्रेरी की दूरी लगभग सवा किलोमीटर है। रात के समय इतने बड़े कैंपस में सुरक्षा कारणों के चलते छात्राओं को वहां जाने की अनुमति देना सुरक्षित नहीं है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि छात्राओं के लिए उनके अपने हॉस्टल परिसर के भीतर ही रीडिंग फैसिलिटी उपलब्ध कराई जा रही है। हॉस्टल में ही नई लाइब्रेरी का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। जब तक यह नया रीडिंग हॉल पूरी तरह तैयार नहीं होता, तब तक हॉस्टल के कॉमन रूम में ही लाइब्रेरी का फर्नीचर भिजवाने के आदेश दे दिए गए हैं।

प्रॉक्टर लगातार रख रहे निगरानी
कैंपस में बाहरी लोगों के प्रवेश और सुरक्षा संबंधी प्रदर्शनों पर प्रशासन ने कहा कि दो दिन पहले हुए प्रदर्शन में शामिल छात्राएं विश्वविद्यालय की वास्तविक छात्राएं नहीं थीं। सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने की जानकारी देते हुए प्रशासन ने बताया कि नए कुलपति के कार्यभार संभालने के बाद से एक विशेष सुरक्षा कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी की सिफारिशों के आधार पर कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए दो नए डिप्टी प्रॉक्टर (एक मेल और एक फीमेल) नियुक्त किए जा चुके हैं, जो लगातार निगरानी रख रहे हैं।

परीक्षाओं को लेकर शहर में धारा 163 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिलाधीश सतबीर सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर दिए हैं। आदेशों के अनुसार जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की ओर आयोजित की जा रही विभिन्न परीक्षाओं के परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है।

जानिए... क्या हैं जिलाधीश के आदेश


जिलाधीश सतबीर सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला में सेकेंडरी (एकेडमिक /ओपन स्कूल), सीनियर सेकेंडरी (एकेडमिक /ओपन स्कूल) तथा डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सेकेंडरी (एकेडमिक/ओपन स्कूल) की परीक्षाएं 1 से 13 अक्तूबर 2026, सीनियर सेकेंडरी (एकेडमिक/ओपन स्कूल) की परीक्षाएं 1 से 22 अक्तूबर 2026, डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 1 से 23 अक्तूबर 2026 तथा डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 3 से 24 अक्तूबर 2026 तक आयोजित होंगी। सतबीर सिंह द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों एवं ड्यूटी पर तैनात स्टाफ, जिसमें पुलिस कर्मचारी भी शामिल हैं, के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश परीक्षा के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न कर सकता है। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में हथियार/आग्नेयास्त्र तथा तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू आदि अन्य हथियार लेकर चलने पर भी प्रतिबंध रहेगा। आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में स्थित फोटोस्टेट/जेरोक्स की दुकानें, डुप्लीकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे तथा संबंधित दुकानों के संचालन पर परीक्षा के समय तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। आदेश जारी करने का उद्देश्य परीक्षा केंद्रों के आसपास अनुचित सामग्री की प्रतियां उपलब्ध करवाने की संभावना को रोकना तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

डेंगू का खतरा बढ़ा, 3495 सैंपल लिए, 27 मरीज मिले पॉजिटिव

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को किया सतर्क, नगर निगम ने करवाई फॉगिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मौसम में बदलाव के साथ ही जिले में डेंगू का खतरा बढ़ने लगा है। मच्छरों की बढ़ती सक्रियता के बीच स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में अब तक 3495 लोगों के सैंपल लिए जा चुके हैं, जिनमें 27 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। लगातार सामने आ रहे मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। वहीं नगर निगम की ओर से भी संवेदनशील क्षेत्रों में फॉगिंग करवाकर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, डेंगू से बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि घर और आसपास पानी जमा न होने दिया जाए। कूलर, गमले, छतों पर रखे पुराने बर्तन, टायर और अन्य ऐसे स्थानों की नियमित जांच करने की सलाह दी गई है, जहां कई दिनों तक पानी जमा रह सकता है। अधिकारियों का कहना है कि जमा पानी मच्छरों के पनपने का प्रमुख कारण बन सकता है।विभाग ने लोगों को घर से बाहर निकलते समय पूरी बाजू के कपड़े पहनने और मच्छरों से बचाव के अन्य उपाय अपनाने की सलाह दी है। खासकर दिन में मच्छरों से बचाव को लेकर सतर्क रहने को कहा गया है।



बुखार होने पर जांच करवाने की सलाह
स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि तेज बुखार, सिरदर्द, शरीर में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, अत्यधिक कमजोरी या अन्य संदिग्ध लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें। चिकित्सकीय सलाह लेकर समय पर जांच करवानी चाहिए। अधिकारियों के अनुसार डेंगू की पुष्टि जांच के बाद ही की जाती है, इसलिए लक्षण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है।

सभी का सहयोग जरूरी
डेंगू के मामलों को देखते हुए निगम ने भी फॉगिंग अभियान तेज किया है। विभिन्न क्षेत्रों में मच्छरों की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवाई जा रही है। इसके साथ ही लोगों से अपने घरों और आसपास के स्थानों में सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने देने की अपील की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि डेंगू की रोकथाम केवल सरकारी स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए लोगों को भी अपने घर और आसपास पानी जमा होने से रोकना होगा। सामूहिक सावधानी से मच्छरों के प्रजनन को नियंत्रित किया जा सकता है।

बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए निगम की योजना, व्यस्त समय में जाम से राहत की उम्मीद
जाम से निपटने को शहर में 5 नए गोल चक्कर बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और प्रमुख चौराहों पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम ने कवायद शुरू कर दी है। वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने और चौराहों पर आमने-सामने वाहनों की टक्कर की संभावना कम करने के उद्देश्य से शहर के पांच प्रमुख स्थानों पर नए गोल चक्कर बनाए जाने की योजना है। नगर निगम की ओर से इन गोल चक्करों का निर्माण करवाया जाएगा और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किए जाने की तैयारी है।



इन प्रमुख चौराहों पर बनाए जाएंगे गोल चक्कर
प्रस्तावित गोल चक्करों में शिवाजी कॉलोनी मंडी, झज्जर चुंगी, रेलवे स्टेशन से पहले पुल के पास, प्रताप चौक और जाट भवन के आसपास के प्रमुख चौराहे शामिल हैं। इन स्थानों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। खासकर व्यस्त समय में वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण कई बार यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ता है। नगर निगम का उद्देश्य इन चौराहों पर यातायात को एक दिशा में व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाना है। गोल चक्कर बनने के बाद अलग-अलग दिशाओं से आने वाले वाहनों को सीधे आमने-सामने आने के बजाय निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। इससे चौराहों पर वाहनों के बीच टकराव की आशंका कम करने और यातायात के सुचारु संचालन में मदद मिलने की उम्मीद है।

जानिए... क्या है निगम की योजना
शहर के इन प्रमुख मार्गों पर सुबह और शाम के समय वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। कार्यालयों, बाजारों, शिक्षण संस्थानों और अन्य संस्थानों की ओर आने-जाने वाले वाहनों के कारण कई स्थानों पर यातायात की गति धीमी हो जाती है। नगर निगम की योजना के तहत गोल चक्करों के निर्माण के साथ यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। आवश्यकता के अनुसार वाहनों के आवागमन, मोड़ और दिशा को व्यवस्थित किया जा सकेगा। इससे वाहन चालकों को भी चौराहों पर कम समय रुकना पड़ेगा और यातायात का दबाव नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

दिन में बढ़ जाती है दिक्कत


झज्जर चुंगी के आसपास दिन के समय वाहनों की संख्या काफी बढ़ जाती है। कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। अगर गोल चक्कर सही तरीके से बनाया जाता है और वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित होती है तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है। -जसबीर कुमार

टकराव और जाम कम होगा


चौराहों पर कई दिशाओं से वाहन एक साथ आने से परेशानी होती है। खासकर व्यस्त समय में वाहन निकालना मुश्किल हो जाता है। गोल चक्कर बनने से यातायात एक दिशा में चलने की व्यवस्था हो तो टकराव कम और जाम से राहत मिल सकती है। -राजकुमार



श्रीमद् भागवत कथा में गूंजे कृष्ण जन्म के जयकारे

रोहतक। मदन लाल लांगड़ा कम्युनिटी सेंटर में मानव कल्याण सोसायटी की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद ले रहे हैं। कथा का वाचन परम श्रद्धेय भगवत पीठाधीश्वर गुरुदेव देशमुख वाशिष्ठ महाराज के मुखारविंद से किया जा रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस पर ठाकुर के प्राकट्य उत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। सोसायटी के राकेश शर्मा ने बताया कि कथा के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज का विशेष आशीर्वाद रहा।राकेश शर्मा ने बताया कि मानव कल्याण सोसायटी की ओर से 2 अक्टूबर को रक्तदान एवं दांत जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य जांच कराने और रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, हिमांशु ग्रोवर, सुंदर लाल मड़िया, रमेश मड़िया, राकेश सुनेजा, गुलशन, राय नारंग, निखिल नारंग, सचिन गुप्ता, सौरभ गुलाटी, रूपेश गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रशासनिक सचिव ने की मंडियों में प्रबंधों की समीक्षा

अधिकारी सुनिश्चित करें फसल बिक्री के समय किसानों को न हो असुविधा



- रोहतक व सांपला अनाज मंडियों में बाजरा व धान खरीद का मौके पर किया निरीक्षण
- जिले की मंडियों में उपलब्ध करवाएं सभी सुविधाएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के प्रशासनिक सचिव एवं फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि खरीद सीजन के दौरान मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंडियों में किसानों की मदद के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीम तैनात की जाए, जो हेल्प डेस्क लगाकर मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान करें। संजय जून ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त सतबीर सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, उपमंडलाधीशों अंकिता पुवार, आशीष कुमार एवं विपिन कुमार व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इसके उपरांत फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय ने अधिकारियों के साथ रोहतक की नई अनाज मंडी तथा सांपला में अनाज मंडी में पहुंचकर किये गये प्रबंधों की समीक्षा की तथा फसल खरीद का मौके पर निरीक्षण किया। जिला के प्रशासनिक सचिव संजय जून ने जिला में बाजरा व धान फसलों की खरीद के लिए किये गये प्रबंधों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाजरा फसल का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाने वाले किसानों को भावांतर भरपाई योजना का लाभ मिलेगा। सरकार द्वारा खरीफ सीजन 2026-27 में बाजरा के लिए 2900 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह धान की सामान्य किस्म के लिए 2441 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड ए किस्म के लिए 2461 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। मौके पर किसानों से संवाद करते कहा कि किसान अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे।

नमी की जांच की

फरीदाबाद मंडल के आयुक्त संजय जून तथा उपायुक्त सतबीर सिंह की मौजूदगी में बाजरा व धान की फसलों डिजिटल नमी मापक यंत्र से फसल की नमी भी जांची। उन्होंने उपस्थित खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों को मंडी में पहुंचने पर गेट पास जारी होने से फसल की बिक्री तक किसी प्रकार की असुविधा न हो।

गेट पास की समस्या का समाधान करें

उन्होंने कहा कि सांपला मंडी में आने वाले झज्जर जिला के संबंधित गांवों के किसानों की गेट पास की समस्या का शीघ्र समाधान करवाया जायेगा। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को तथा आढतियों को सख्त निर्देश दिये कि वे किसानों की बाजरे की फसल को उचित रेट पर खरीदें ताकि सरकार द्वारा भावांतर भरपाई योजना के तहत दी जा रही 600 रुपये प्रति क्विंटल की राशि मिलकर न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों को मिल सके।

धान की खरीद प्रारंभ

उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा कि जिला में बाजरा की खरीद चारों मंडियों रोहतक, महम, कलानौर व सांपला में की जा रही है तथा धान की खरीद रोहतक, महम व सांपला मंडियों में शुरू हुई है।

फसल का सही तोल हो

सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक ने कहा कि सांपला अनाज मंडी में धर्मकांटा स्थापित करने के कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाया जाये ताकि किसानों की फसल का सही तोल हो सके।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला की उपमंडलाधीश अंकिता पुवार, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार व महम के उपमंडलाधीश विपिन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधीक्षक अभियंता नवनीत, सांपला मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक, कार्यकारी अभियंता विशाल मिश्रा, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, हैफेड के जिला प्रबंधक कृष्ण श्योराण, हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कोरपोरेशन के जिला प्रबंधक रोहताश दहिया, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक मनीषा मेहरा, एफसीआई के जिला प्रबंधक कार्यालय से डिंपल सैनी, डीएफएसओ विनित, रोहतक मार्केट कमेटी के सचिव दीपक लोहचब, सांपला मार्केट कमेटी की सचिव सविता सैनी, मार्केट कमेटी महम के सचिव डॉ. दीपक कुमार सहित मंडी एसोसिएशनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

शिविर में 115 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



रोहतक। रोहतक के दिल्ली रोड पर देव कॉलोनी में स्थित एडवांटा हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने महान स्वतंत्रता सेनानी पं श्रीराम शर्मा की 127वीं जयंती के अवसर पर पंडित श्रीराम शर्मा पार्क में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 115 लोगों के शुगर, बीपी, थायराइड, नाक, कान व गला की जांचे की । एडवांटा हॉस्पिटल के निदेशक मोहित मलिक की तरफ से सभी को दवाइयां निशुल्क वितरित की।



नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी

महम। एच.डी. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'बापू के तीन बंदर' रहे। विद्यार्थियों ने तीन बंदरों के माध्यम से "बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत बोलो" का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस संदेश ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अच्छे आचरण और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।

गांधी जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा



रोहतक। स्थानीय गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गांधी के जीवन और उनके आदर्शों से अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने भाषण व कविताओं के माध्यम से गांधी के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद करते हुए सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों को गांधी जी के विचारों को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। निदेशक सुरेंदर मलिक ने भी बच्चों को नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

दीपेंद्र वर्ल्ड स्कूल गेम्स में करेगा प्रतिनिधित्व



महम। मदीना के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल का खिलाड़ी दीपेंद्र वर्ल्ड स्कूल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। इस विद्यालय के 11वीं कक्षा के छात्र दीपेंद्र ने राष्ट्रीय स्तर की अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर वर्ल्ड स्कूल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है। दीपेंद्र ने रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दीपेंद्र ने ग्रीको-रोमन शैली के 80 किलोग्राम भार वर्ग में देशभर के प्रतिभागियों के बीच द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल मंजूलता ने बताया कि उनके विद्यालय ने एक ही खेल सत्र में 100 से अधिक पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके विद्यार्थी लगातार नई उपलब्धियाँ हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

न्यूज डायरी

युवाओं ने ली बुजुर्गों के सम्मान की शपथ

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर गुरुवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों ने जन सेवा संस्थान वृद्धाश्रम का दौरा किया। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता और आदर भाव जगाना था।वृद्धाश्रम पहुंचे छात्रों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनका हालचाल जाना और उनके जीवन के अनुभवों व संघर्षों को सुना। युवाओं का सान्निध्य पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान विद्यार्थियों ने आजीवन माता-पिता और समाज के सभी बुजुर्गों का सम्मान करने तथा जरूरत के समय सदैव उनकी मदद करने की शपथ ली।

एमडीयू में चला सघन स्वच्छता अभियान

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान- सेवा मेरा योगदान के तहत आज विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता के साथ-साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।यूआईईटी में निदेशक प्रो. विनीत कुमार सिंगला, केमिस्ट्री विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र कुमार, फार्मेसी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक, जूलॉजी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा, हिंदी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. पुष्पा तथा बॉटनी विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. अनीता सहरावत, पर्यावरण विज्ञान विभाग में अध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी नांदल, विधि विभाग में अध्यक्ष प्रो. सोनू देहमीवाल के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

पंचमी श्राद्ध पर विशाल भंडारा लगाया

रोहतक। गोकर्ण तीर्थ स्थित डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज में स्वामी धर्मपुरी के पंचमी श्राद्ध के अवसर पर वीरवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन दोपहर 12 बजे किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संत समाज और श्रद्धालुजन पहुंचे। धार्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर स्वामी धर्मपुरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस दौरान गोकर्ण तीर्थ में पहुंचे संतों और श्रद्धालुओं ने धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। दूरदराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु डेरा परिसर में पहुंचे और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर संत समाज की उपस्थिति में स्वामी धर्मपुरी के पंचमी श्राद्ध को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया।

योजनाओं के तहत किए कार्यों की जानकारी ली

रोहतक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से आरंभ हुए सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान में नगर पालिका कलानौर निवासियों हेतु खंड विकास एवम पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में आमजन की सुविधा एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का दौरा कष्ट निवारण समिति के सदस्य एवम प्रभारी सभी प्रकोष्ठ, भाजपा रोहतक डॉ अशोक रंगा ने कर आमजन से संवाद किया। इस दौरान डॉ. अशोक रंगा ने कैंप में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा आमजन से भी सीधा संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी एवं सरल तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

बुजुर्गों को स्मार्टफोन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया

रोहतक। उपायुक्त के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई कंसाला में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम फॉर सीनियर सिटीजन' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य मंजीत दहिया ने कहा कि संस्थान द्वारा जन-जागृति और स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियां निरंतर चलाई जा रही हैं। कोऑर्डिनेटर प्रवीण देशवाल और ज्योति दहिया के निर्देशन में स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने कंसाला गांव के बुजुर्गों को स्मार्टफोन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों को नेट बैंकिंग, वीडियो कॉल, व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब और सेल्फी लेने जैसी तकनीक सिखाई गई।



जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में किया महात्मा गांधी के आदर्शों का स्मरण

रोहतक। जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, शांति, सादगी एवं सद्भावना के आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। विशेष प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक भाषण, विचारोत्तेजक प्रस्तुतियां, देशभक्ति कार्यक्रम एवं विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गांधीजी के जीवन, उनके सिद्धांतों तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके महत्वपूर्ण योगदान को उजागर किया। कार्यक्रम में निदेशक विक्रांत मायना, निदेशक सान्या मायना, सहायक निदेशक डॉ. अमन अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. श्रुति शर्मा एवं प्रधानाध्यापिका अनामिका बलहारा की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सत्य, शांति, स्वच्छता एवं मानवता के मूल्यों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ।

पात्र नागरिक योजनाओं का उठाएं लाभः उपायुक्त

रोहतक। हरियाणा सरकार के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज कलानौर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही आवेदन लिए गए। उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सेवा सेतु शिविर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाए।

अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का तय समय पर करें उचित निपटारा : सतबीर सिंह

रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त हर शिकायत का समयबद्ध एवं उचित निपटारा सुनिश्चित किया जाये। अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का निपटारा करते समय संबंधित नागरिक से संवाद कर विभागीय कार्यवाही की जानकारी देकर उन्हें संतुष्ट करें। सतबीर सिंह ने कहा है कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध निपटारे के प्रति कृत संकल्प है। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश जारी किये गए है कि वे समाधान शिविरों की हर शिकायत का समयबद्ध एवं उचित निपटारा करें ताकि नागरिकों की समस्याएं दूर हो सके। समाधान शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का एक छत के नीचे निर्धारित अवधि में उचित समाधान करना है। जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की निरंतर समीक्षा की जा रही है। उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर हर सोमवार एवं वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है।





हरियाणा सफाई महाकुंभ में उल्लेखनीय प्रतिभागिता सुनिश्चित करें अधिकारी: डीसी

रोहतक। उपायुक्त सतबीर सिंह ने प्रस्तावित हरियाणा सफाई महाकुंभ कार्यक्रम में रोहतक जिला की उल्लेखनीय प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। वे आज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सफाई महाकुंभ प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है और रोहतक की इसमें प्रभावी एवं उल्लेखनीय भागीदारी होनी चाहिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दूहन ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए 11 अक्टूबर की तिथि पर विचार किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिभागिता के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संबंधित संस्थाओं के माध्यम से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के तहत दिल्ली बाईपास से रुपया चैक तक के क्षेत्र को निर्धारित किया गया है। इस क्षेत्र में प्रतिभागियों द्वारा झाड़ू लगाकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दूहन ने कहा कि प्रदेशभर में निर्धारित समय पर एक साथ स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा।



लंबित मांगों को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

महम। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की एरिया कमेटी ने वीरवार को महम में एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दिया। माकपा कार्यकर्ता भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश्वर कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर और एसआईआर के बाद जिन राज्यों में चुनाव हुए थे, उन चुनावों को रद्द करवाने की मांग कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के नाम नायब तहसीलदार राहुल बूरा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान माकपस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अभियान पीजीआईएमएस परिसर में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

स्वच्छ परिसर ही स्वस्थ समाज की पहचान: वीसी

- कुलपति ने अधिकारियों के साथ कैंपस गेट के पास सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सेवा संकल्प पखवाड़ा के अंतर्गत वीरवार को पीजीआईएमएस परिसर में महा सफाई अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने खुद अधिकारियों के साथ कैंपस गेट के पास सफाई करके की। इस दौरान पूरे परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों, नर्सिंग स्टाफ और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार है। उन्होंने कहा कि पीजीआईएमएस जैसा संस्थान जहां हजारों मरीज रोजाना इलाज के लिए आते हैं, वहां स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छ परिसर ही स्वस्थ समाज की पहचान है। यदि हमारा परिसर साफ रहेगा तो संक्रमण कम होगा और मरीजों को बेहतर माहौल मिलेगा।

डॉ अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य ही यही है कि हम समाज सेवा को अपने जीवन का संकल्प बनाएं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे सफाई को केवल एक दिन का अभियान न समझें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। डॉ अग्रवाल ने सभी को शपथ दिलाई कि वे न केवल अपने संस्थान को बल्कि अपने घर और मोहल्ले को भी साफ रखेंगे और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान देंगे। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि सेवा संकल्प पखवाड़ा हमें यह याद दिलाता है कि संस्थान हमारा दूसरा घर है और इसकी सफाई की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि कुलसचिव कार्यालय की ओर से परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाए जाते रहेंगे।



रोहतक। अभियान के दौरान पीजीआई में सफाई करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व अन्य डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

स्वच्छता ही स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि पीजीआईएमएस प्रशासन मरीजों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। सफाई अभियान में सभी विभागों की भागीदारी यह दर्शाती है कि हम सब एक टीम के रूप में काम करते हैं। डॉ सिंघल ने कहा कि गंदगी से कई प्रकार की बीमारियां फैलती हैं, इसलिए हर कर्मचारी को अपने कार्यस्थल की सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

400 छात्रों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



रोहतक। स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कलानौर में 'सेवा संकल्प' के उपलक्ष्य में वीरवार को विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल कलानौर के सहयोग से आयोजित इस शिविर की अगुवाई एसएमओ डॉ. संजीव मलिक और डेंटल विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र की टीम ने की। शिविर के दौरान संस्थान के लगभग 400 विद्यार्थियों व सदस्यों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान डॉ. संजीव मलिक ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षा को कोई बांट नहीं सकता : दिमाना

रोहतक। छोटूराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नए शैक्षणिक सत्र मे विद्यार्थियों एवं स्टाफ के उज्ज्वल भविष्य और सुख-समृद्धि की कामना के लिए हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर जाट शिक्षा समिति के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने चौधरी छोटूराम को नमन करते हुए कहा कि इन शिक्षण संस्थाओं की स्थापना महान विभूतियों की दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को कोई नही बाँट सकता। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील भी की। उन्होंने नए सत्र के लिए सभी विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों, कॉलेजियम सदस्यों एवं उनके परिवारों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





डॉ.पिंकी अध्यक्ष, ध्रुव बने एबीवीपी के मंत्री

रोहतक। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रोहतक महानगर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला प्रमुख डॉ. परवीन पुनिया की उपस्थिति में घोषित इस नई इकाई में डॉ. पिंकी शर्मा को महानगर अध्यक्ष और ध्रुव कौशिक को महानगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही डॉ. मुस्कान बुधवार को उपाध्यक्ष, नवीन निगाणिया, अभिषेक सुहाग, बलवान खरक व निखिल रोहिला को सह मंत्री, समीर को सोशल मीडिया संयोजक तथा वंशिका को सह संयोजक बनाया गया है। आज का युवा राष्ट्रवादी है और देश के विकास में अपना योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री संजय कसवां, पूर्व प्रांत मंत्री राहुल वर्मा, लोकेंद्र देशवाल, रमन शर्मा, सुमित सरोहा, कुमारी नीशु रेडु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया



रोहतक। जागृति मंच एवं महर्षि वेद व्यास गौशाला मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय महिला कॉलेज के मुख्य द्वार के समीप पं. श्रीराम शर्मा और नृत्य सम्राट पं. वेदव्यास की जयंती के अवसर पर निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में एलपीएस बोसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने शिविर का अवलोकन किया और स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे नागरिकों से संवाद करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान दोनों महान विभूतियों के सामाजिक व सांस्कृतिक योगदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दर्जनों लोगों के नेत्रों व दांतों की निःशुल्क जांच कर उचित परामर्श दिया गया।

50 और निपुण वाटिकाएं होंगी तैयार

■ मौलिक शिक्षा अधिकारियों और समन्वयकों ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से आए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों एवं जिला एफ.एल.एन. समन्वयकों ने राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, सेक्टर-2, 3 व 4, रोहतक स्थित निपुण वाटिका का अवलोकन किया। राज्य स्तरीय इस एक्सपोजर विजिट का आयोजन राज्य निपुण नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया।

अधिकारियों ने निपुण हरियाणा पाठ्यक्रम के अनुरूप गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए विकसित कक्षा-कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को भाषा दीवार के माध्यम से शब्द निर्माण, अबेकस एवं गिनती सामग्री से संख्याओं की समझ तथा डिजिटल बोर्ड के माध्यम से सीखते हुए देखा गया। बच्चों के लिए कक्षाओं में विभिन्न लर्निंग कॉर्नर बनाए गए हैं, जहां वे छोटे समूहों में गतिविधियों के माध्यम से सीख रहे हैं और स्वयं अपने कार्य का मूल्यांकन भी कर रहे हैं। प्रत्येक कक्षा को मात्र 1.80 लाख रुपये की लागत में तीन से चार दिनों में तैयार किया गया है।

सफलता के तीन प्रमुख मापदंड : एडीसी

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि सफलता के तीन प्रमुख मापदंड हैं। सरकारी विद्यालयों के प्रति अभिभावकों की सोच बदलकर नामांकन बढ़ाना, संवादात्मक शिक्षण-अधिगम सामग्री के माध्यम से कक्षाओं को जीवंत बनाकर विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाना तथा बच्चों के समग्र अधिगम परिणामों में सुधार करना। निपुण वाटिका, रोहतक को प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड के लिए भी नामांकित किया गया है।

भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, काम का दबाव और सोशल मीडिया के कारण मानसिक समस्याएं बढ़ रहीं : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के उपलक्ष्य में इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह मनाया जा रहा है। सप्ताह के शुभारंभ पर गुरुवार को कुलपति कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव, काम का दबाव और सोशल मीडिया के कारण मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। लेकिन लोग इसे बीमारी नहीं मानते और छुपाते हैं। मानसिक बीमारी कोई अभिशाप नहीं है, यह भी अन्य बीमारियों की तरह एक बीमारी है जिसका इलाज संभव है। समय पर पहचान और सही इलाज से व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कहा कि विश्वविद्यालय और इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ द्वारा लोगों को जागरूक करने का प्रयास सराहनीय है। इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ की निदेशक कम सीईओ डॉ. सुजाता सेठी ने कहा कि रैली के दौरान एमडीयू में लाइब्रेरी के बाहर बच्चों को जागरूक किया गया जहां करीब 1 घंटे तक एमडीयू के बच्चों ने चिकित्सकों से प्रश्न पूछ अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस वर्ष की थीम 'मजबूत मन, स्वस्थ समुदाय, उज्ज्वल कल' है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज बना सकता है। डॉ सुजाता ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार हर चौथा व्यक्ति कभी न कभी मानसिक समस्या का सामना करता है।

कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर किया विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह का आगाज



रोहतक। जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति अग्रवाल।

युवाओं में मानसिक तनाव बढ़ना चिंता का विषय

कुलसचिव डॉ. रूप सिंह ने कहा कि युवाओं में मानसिक तनाव बढ़ना चिंता का विषय है। पढ़ाई का दबाव, करियर की चिंता, बेरोजगारी और अकेलापन युवाओं को अवसाद की ओर धकेल रहा है। ऐसे में कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर पर काउंसलिंग और जागरूकता रैलियां बहुत जरूरी हैं, ताकि युवा खुलकर अपनी बात कह सकें। पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. के सिंघल ने कहा कि पीजीआईएमएस रोहतक में मानसिक रोगियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ओपीडी में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज परामर्श के लिए आते हैं। उन्हें मुफ्त परामर्श और दवाइयां दी जा रही हैं। 1 से 30 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में विभिन्न जगहों पर जागरूकता शिविर, व्याख्यान और निशुल्क जांच शिविर लगाए जाएंगे।

नेशनल जूनियर थांग-ता चैंपियनशिप में रोहतक के योजित सैनी ने जीता स्वर्ण

हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक

पदक तालिका में रोहतक जिले के खिलाड़ियों का दबदबा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के पोलो ग्राउंड स्थित मल्टीपर्पज इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में 28 से 30 सितंबर तक नेशनल जूनियर थांग-ता चैंपियनशिप-2026 का भव्य आयोजन किया गया। थांग-ता फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन जम्मू-कश्मीर थांग-ता एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हरियाणा के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदकों पर शानदार कब्जा जमाया। हरियाणा के युवाओं ने इस स्पर्धा में 1 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीतकर पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। रोहतक के होनहार खिलाड़ी योजित सैनी ने बेहतरीन कौशल दिखाते हुए प्रतियोगिता में देश भर में हरियाणा के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा, वंश भाटिया, संजीवनी टायल, सूर्यांश, वाणी (सभी रोहतक) और हिमांशु (फरीदाबाद) ने कड़े मुकाबले में शानदार रजत पदक हासिल किए। वहीं, हर्ष, हिमांक भाटिया (दोनों रोहतक) और गौरव (फरीदाबाद) ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कांस्य पदक जीते। पदक तालिका में रोहतक जिले के खिलाड़ियों का दबदबा रहा, जिससे क्षेत्र में खेल संस्कृति की मजबूती स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। वरिष्ठ प्रशिक्षकों नितिन बोहत, सरदार करनैल सिंह और रवीना के समर्पित एवं कुशल मार्गदर्शन से खिलाड़ियों ने यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। थांग-ता एसोसिएशन, हरियाणा के महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक मदन लाल बागड़ी तथा नितेश कुमार बागड़ी ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन की खुलकर सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि यह शानदार उपलब्धि प्रदेश में पारंपरिक मार्शल आर्ट थांग-ता की लगातार बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है।

सीबीएसई राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में यश दलाल ने जीता रजत पदक



रोहतक। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में रोहतक का नाम लगातार राष्ट्रीय पटल पर चमक रहा है। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई राष्ट्रीय फेंसिंग (तलवारबाजी) चैंपियनशिप-2026 में रोहतक के एच.एम. पब्लिक स्कूल (हरकिशन मेमोरियल पब्लिक स्कूल) के प्रतिभावान छात्र यश दलाल ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है। कक्षा 10वीं के छात्र यश दलाल ने कैडेट पुरुष अंडर-17 एपी वर्ग में अपनी कड़ी मेहनत, बेहतरीन फुटवर्क और असाधारण खेल भावना का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। देशभर से आए कड़े प्रतिद्वंद्वियों के बीच यश ने फाइनल तक का सफर तय करते हुए दूसरा स्थान (रजत पदक) हासिल किया। इस बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अब उनका चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर के खेल मंचों के लिए भी मजबूत हो गया है।

यश की इस राष्ट्रीय स्तर की सफलता पर विद्यालय के निदेशक सुधीर सिंह और उप-प्राचार्य सोनिया ने उन्हें और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास केवल कक्षाओं की चारदीवारी तक सीमित नहीं होता। खेल के मैदान पर मिलने वाली चुनौतियाँ बच्चों के भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाती हैं। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि यश दलाल अपनी अटूट मेहनत और लगन के बल पर भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश और विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस बड़ी उपलब्धि पर शिक्षकों, सहपाठियों और खेल प्रेमियों ने यश को शुभकामनाएँ दी हैं।

लॉन टेनिस: रोहतक में चार से सजेगा महासंग्राम

रोहतक। खेल नगरी रोहतक इस बार एक ऐतिहासिक और राष्ट्रीय स्तर के खेल महाकुंभ का गवाह बनने जा रही है। देश के विभिन्न जोन्स के विजेता खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित सीबीएसई नेशनल लॉन टेनिस चैंपियनशिप 2026-27 का रोमांचक मुकाबला आगामी 04 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। सात दिनों तक चलने वाले इस खेल आयोजन की मेजबानी दयावती मोदी अकादमी, रोहतक द्वारा की जा रही है। इस प्रतियोगिता को लेकर शहर के खेलप्रेमियों और आयोजकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

दयावती मोदी अकादमी के प्रधानाचार्य एवं आयोजक राजीव ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में न केवल भारत के विभिन्न कोनों से जोनल चैंपियन टीमें हिस्सा लेंगी, बल्कि बहरीन, कतर, ओमान और सऊदी अरब जैसे पांच अन्य देशों के विदेशी स्कूलों के धुरंधर खिलाड़ी भी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाने उतरेंगे। इस चैंपियनशिप में कुल मिलाकर लगभग 500 खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं, जिनमें से 400 खिलाड़ियों ने पहले ही अपना आधिकारिक पंजीकरण करा लिया है।

सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में दिखाई प्रतिभा

सर्वेश कादियान ने लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक



रोहतक। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 2026-27 में दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया (रोहतक) के 9वीं कक्षा के छात्र सर्वेश कादियान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। सतिंदर कादियान के सुपुत्र सर्वेश ने ईपी स्पर्धा के अंडर-17 वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है। विशेष उल्लेखनीय है कि सर्वेश ने इससे पहले सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 में भी स्वर्ण पदक जीता था। लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का लोहा मनवाया है।उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अशोक दुहन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन, सचिव संतोष मलिक, मीना मलिक और प्रधानाचार्या अनु राणा ने गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें और उनके अभिभावकों व प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। इस शानदार जीत से विद्यालय परिवार में भारी उत्साह का माहौल है।

2025-26 में भी जीता था सोना

सर्वेश ने इससे पहले सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप 2025-26 में भी स्वर्ण पदक जीता था। लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने एक बार फिर अपनी खेल प्रतिभा और अनुशासन का लोहा मनवाया है।

न्यूज डायरी



वीमेन वॉलीबॉल में एमकेजेकेएम रोहतक विजेता

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में आयोजित इंटर कॉलेज वीमेन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एमकेजेकेएम रोहतक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। टीआरपीजीसी सोनीपत की टीम द्वितीय तथा राजकीय महाविद्यालय महम की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में आठ महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भीम अवार्डी एवं प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी डॉ. जगमती सांगवान मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास के साथ खेल भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। एमडीयू के खेल निदेशक कुलताज सिंह ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं और अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



एमडीयू विवेकानंद लाइब्रेरी में लगी पुस्तक प्रदर्शनी

रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के विवेकानंद पुस्तकालय में वीरवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में सात दिवसीय विशेष पुस्तक प्रदर्शनी प्रारम्भ हुई। एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ तथा प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन ने पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सत्य, सादगी, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि पुस्तकें महान व्यक्तित्वों के विचारों और जीवन-दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। विद्यार्थियों को ऐसे महापुरुषों के जीवन और विचारों का अध्ययन कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।



अंतर-सदनीय प्रश्नोत्तरी में जुझार सिंह सदन प्रथम

रोहतक। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल, रोहतक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के इन महान विभूतियों के जीवन-दर्शन, उच्च आदर्शों तथा स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से अवगत कराना था। विद्यालय के चारों सदनों जुझार सिंह सदन, अजीत सिंह सदन, जोरावर सिंह सदन और फतेह सिंह सदन—के विद्यार्थियों ने इसमें अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी त्वरित सोच, अद्भुत आत्मविश्वास और उत्कृष्ट टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद जुझार सिंह सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।



पठानिया पब्लिक स्कूल में मनाई गांधी जयंती

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मन्नत, हिमांशी, लावण्या और वाण्या ने किया। इस दौरान ग्यारहवीं की भिष्का, निष्का व पाँचवीं की आद्याश्री और अनिका ने दोनों महान विभूतियों के जीवन और उनके सिद्धांतों पर विचार रखे। बारहवीं की लक्षिका, काव्या तथा चौथी कक्षा के विवान हुड्डा व महक ने भावपूर्ण और संदेशपरक कविताएं प्रस्तुत कीं। वहीं, पाँचवीं कक्षा के बच्चों ने स्वच्छ भारत और गांधी जी के विचारों पर एक लघु नाटिका प्रस्तुत कर आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दी।



विकल्प स्कूल में गांधी के विचारों पर चलने का संकल्प

रोहतक। रोहतक की जसबीर कॉलोनी स्थित विकल्प पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विशेष प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया। मैरीगोल्ड हाउस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती किरण पाहवा और श्रीमती मंजू ने दीप प्रज्वलित करके किया। सभा के दौरान मैरीगोल्ड हाउस की इंचार्ज पूजा ने दोनों राष्ट्रनायकों के जीवन, सादगी, सत्य, अहिंसा और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रेरणादायक विचार रखे। इस अवसर पर यूकेजी के छात्र सप्यक ने देशभक्ति कविता से सभी को भावविभोर कर दिया, वहीं श्रीमती ममता ने बापू के 'तीन बंदर' विषय पर एक सुंदर कहानी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो और बुरा मत बोलो के संदेश को बेहद प्रभावशाली ढंग से मंचित किया।



द आर्यन ग्लोबल स्कूल में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में करवाई विविध गतिविधियां

रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में गांधी जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सत्य, अहिंसा एवं नैतिक मूल्यों की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ दांडी यात्रा में सहभागिता की। इस अवसर पर एक विद्यार्थी ने महात्मा गांधी का स्वरूप धारण कर उनके जीवन-मूल्यों एवं आदर्शों का संदेश दिया, जबकि अन्य विद्यार्थियों ने दांडी यात्रा के प्रतिभागियों की भूमिका निभाई।



शास्त्रीय संगीत में बिखेरे सुरीले रंग

रोहतक। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग में गुरुवार को शास्त्रीय संगीत गायन एवं वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। संगीत विभाग की प्राध्यापिका डॉ. टीना के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत की विभिन्न विधाओं में अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया।

जिला पुस्तकालय रोहतक में महात्मा गांधी जयंती एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में जिला पुस्तकालय, रोहतक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा (डीडीओ / नियंत्रक, जिला पुस्तकालय, रोहतक) की कुशल देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 60 पुस्तकालय सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई 1971 को स्थापित यह जिला पुस्तकालय क्षेत्र के पाठकों के लिए एक प्रमुख शैक्षणिक केंद्र है।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नशा मुक्ति जागरूकता अभियान रहा। इस दौरान पुस्तकालय के कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष श्री सुरेंद्र खरब ने अपने संबोधन में नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इससे बचने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से जीवन में कभी भी नशा न करने का पुरजोर आग्रह किया। कार्यक्रम में नशा मुक्त भारत बनाए और नशा मुक्ति के लिए जागरूकता फैलाएं जैसे प्रेरणादायक नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों और सदस्यों ने भविष्य में कभी नशा न करने की प्रतिज्ञा ली।

न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल धामड़ में बच्चों ने उठाया जादू के रोमांचक शो का लुत्फ

रोहतक। न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल, धामड़ में विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं उनकी कल्पनाशक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जादूगर अशोक सम्राट की कंपनी के कलाकारों द्वारा एक शानदार एवं रोमांचक जादू शो प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपने अद्भुत जादुई करतबों और मनोरंजक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शो के दौरान विभिन्न प्रकार के हैरतअंगेज जादुई करतब प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर बच्चे आश्चर्य और उत्साह से भर उठे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और अपनी तालियों एवं उत्साह से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय का वातावरण खुशी, उमंग और रोमांच से भर गया।



राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुईं बॉलीवुड व रीजनल सिनेमा की हस्तियां

हरियाणवी कलाकार निशा को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। निशा शर्मा को सम्मानित करते हुए।

जयपुर में आयोजित राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में हरियाणवी कलाकार और अभिनेत्री निशा शर्मा को फिल्म कायांतर में उनके अभिनय के लिए बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में बॉलीवुड के साथ-साथ देश के अलग-अलग रीजनल सिनेमा की फिल्मों और कलाकारों ने भी हिस्सा लिया।फिल्म कायांतर ने राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराते हुए कुल 11 अलग-अलग कैटेगरी में नॉमिनेशन हासिल किए थे। इनमें बेस्ट सिनेमैटोग्राफर, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट राइटर, बेस्ट फीमेल सिंगर, बेस्ट मेल सिंगर, बेस्ट लिरिसिस्ट, बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस समेत कई प्रमुख कैटेगरी शामिल थीं।इन 11 नॉमिनेशंस में से कायांतर की टीम ने कई पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्म के निर्देशक दक्षिण झारा को बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला, फिल्म के लिरिसिस्ट को बेस्ट लिरिसिस्ट का सम्मान मिला और निशा शर्मा को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड प्रदान किया गया। एक ही फिल्म का इतने प्रमुख कैटेगरी में नॉमिनेट होना और कई पुरस्कार हासिल करना पूरी टीम के लिए बड़ी उपलब्धि रही।निशा शर्मा अब तक करीब 14 फिल्मों में काम कर चुकी हैं और हरियाणवी सिनेमा में लगातार सक्रिय हैं। कायांतर के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस का सम्मान उनके अभिनय सफर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



फिर रफ्तार पकड़ेगा निगम, 11 माह बाद होगी हाउस की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करीब 11 माह के बाद अब अचानक नगर निगम हाउस की बैठक की तैयारी शुरू हो गई है। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने पार्षदों से एजेंडे लेने के लिए आदेश जारी किए हैं। उधर, एक माह के अवकाश के बाद नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने कार्यभार संभालते ही टेंडर प्रक्रिया की स्टेटस रिपोर्ट मांग ली है। यानी लंबे इंतजार के बाद निगम में फाइलों की धूल झाड़ने का काम शुरू हो गया है। नगर निगम के हाउस की पिछली बैठक नवंबर 2025 में हुई थी। इसके बाद करीब 11 माह तक सदन की अगली बैठक नहीं हुई। हालांकि इस दौरान सिर्फ कुछ पार्षद और अधिकारियों ने बजट कमेटी की मीटिंग की। अब जब बैठक की तैयारी शुरू हुई है तो पार्षद भी अपने-अपने वार्डों के लंबित कामों की जानकारी जुटाने में लग गए हैं।

निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने एक माह के अवकाश के बाद कार्यभार संभाला, मांगी टेंडर प्रक्रिया की स्टेट्स रिपोर्ट

पार्षदों के सामने भी बड़ा सवाल- काम होगा या सिर्फ फाइल चलेगी

पार्षदों की परेशानी यह है कि कई विकास कार्यों को लेकर स्थिति साफ नहीं है। कहीं काम प्रस्तावित है तो कहीं स्वीकृति का इंतजार बताया जा रहा है। कुछ कामों के टेंडर लगाने की बात है तो कई मामलों में प्रक्रिया किस स्तर पर है, इसकी जानकारी पार्षदों को भी पूरी तरह नहीं मिल पा रही। ऐसे में पार्षदों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि वे जनता को क्या जवाब दें। वार्ड निवासी पूछते हैं कि सड़क कब बनेगी, नाला कब बनेगा। पार्षदों के पास जवाब में यही सवाल रह जाता है कि पहले यह पता तो चले कि फाइल कहां पहुंची है।

आयुक्त लौटे तो टेंडरों की कुंडली खुलने लगी

नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने करीब एक माह के अवकाश के बाद कार्यभार संभाला है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों और लगाए गए टेंडर की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अब अधिकारियों से यह जानकारी जुटाई जा रही है कि कौन से विकास कार्यों के टेंडर लग चुके हैं, कौन से प्रक्रिया में हैं और किन कार्यों की फाइल अभी आगे बढ़नी बाकी है। आयुक्त की ओर से रिपोर्ट मांगने के बाद उन विकास कार्यों की स्थिति भी सामने आने की उम्मीद है, जिनको लेकर पार्षद लंबे समय से सवाल उठा रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट हो सकेगा कि देरी की वजह तकनीकी प्रक्रिया है, प्रशासनिक स्तर पर अड़चन है या फिर फाइलों की चाल ही धीमी है।

पार्षदों के पास वार्ड की समस्याएं रखने का मौका

मेयर की ओर से एजेंडे मांगने के बाद पार्षदों के पास अपने वार्ड की समस्याएं सदन में रखने का मौका है। सड़क, नाली, सफाई, स्ट्रीट लाइट और दूषित पेयजल सहित अन्य समस्याओं का मामला प्रमुखता से उठाया जाएगा। यह बैठक महज औपचारिकता से ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पार्षद अधिकारियों से सिर्फ यह नहीं पूछना चाहते कि काम कब होगा, बल्कि यह भी जानना चाहते हैं कि काम अटका कहां है और जिम्मेदारी किसकी है। लंबे अंतराल के बाद हाउस की बैठक की तैयारी ने निगम की राजनीति और प्रशासनिक गतिविधियों दोनों को तेज कर दिया है। मेयर एजेंडे मांग रहे हैं, आयुक्त टेंडरों की रिपोर्ट मांग रहे हैं और पार्षद अपने वार्डों की फाइलें तलाश रहे हैं। लेकिन असली परीक्षा बैठक के बाद होगी।

सड़कों, स्ट्रीट लाइटों को किया जा रहा दुरुस्त



शहर में हर वार्ड में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। अधिकारियों से जवाब मांगा गया है। पार्षदों से एजेंडे लेकर जल्द ही मीटिंग करवाई जाएगी। सड़कों, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त किया जा रहा है। पार्कों और शौचालयों के लिए टेंडर दिए गए हैं। साथ ही नालों की मरम्मत और निर्माण कार्य किया जा रहा है।

-रामअवतार वाल्मीकि, मेयर रोहतक



सुपवा के तीन विद्यार्थियों के प्रिंट्स नेशनल एग्जीबिशन में होंगे शोकेस

रोहतक। दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीएसुपवा) के तीन छात्रों की के एचिंग प्रिंट्स का चयन अहमदाबाद में होने वाले नेशनल प्रिंटमेकिंग एग्जीबिशन के लिए किया गया है। एग्जीबिशन 23 अक्टूबर से 1 नवंबर तक उर्मिला आर्ट गैलरी, कानोरिया सेंटर फॉर आर्ट्स में चलेगा। इस दौरान इन एचिंग प्रिंट्स को शोकेस किया जाएगा। फैकेल्टी ऑफ विजुअल आर्ट्स के एफसी विनय कुमार ने बताया कि डिपार्टमेंट ऑफ पेंटिंग के चतुर्थ वर्ष में पढ़ रहे सागर, याशिका व दीपक के एचिंग प्रिंट्स का चयन हुआ है। इसे छात्रों के लिए बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है। इन प्रिंट्स को अहमदाबाद कल्चरल वीक के तहत चलने वाले नेशनल एग्जीबिशन की समूह प्रदर्शनी कैटेगिरी में 'गर्म होती धरती पर मानव पदचिन्ह' के तहत प्रदर्शित किया जाएगा। चयनित छात्रों ने कुलगुरु डॉ अमित आर्य से मुलाकात कर उन्हें नेशनल एग्जीबिशन के लिए चयन होने बारे जानकारी दी। कुलगुरु ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना सुपवा परिवार के लिए गर्व की बात है।

बीएस-1 से बीएस-4 तक के पुराने वाहन हटाने की तैयारी

पुराने वाहनों पर शिकंजा, बदलने पर टैक्स और पंजीकरण शुल्क में राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले व्यावसायिक वाहनों को सड़क से हटाने की दिशा में प्रशासन ने वाहन मालिकों को समय रहते अपने वाहन बदलने की सलाह दी है। सरकार की वाहन परिवर्तन योजना के तहत पुराने वाहनों को अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र पर जमा करवाकर नया बीएस-6 मानक वाला अथवा इलेक्ट्रिक वाहन लेने पर वाहन मालिकों को मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क में बड़ी छूट मिल सकती है। स्थानीय कैंप कार्यालय में आयोजित सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त सतबीर सिंह ने कहा कि एनसीआर में पुराने वाहनों को लेकर लागू नियमों की पालना करना वाहन मालिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से निजी बस संचालकों, ट्रक मालिकों और मालवाहक वाहन संचालकों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर पुराने वाहनों को बदलने की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि नियमों के उल्लंघन की स्थिति से बचा जा सके। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की योजना के तहत एनसीआर में संचालित पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से नए और कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों से बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत बीएस-1, बीएस-2, बीएस-3 और बीएस-4 श्रेणी के पुराने वाहनों के स्थान पर बीएस-6 मानक वाले अथवा इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने पर विभिन्न प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।



पुराने वाहन स्क्रैप कराने पर टैक्स में 100% छूट

योजना की निर्धारित शर्तों के अनुसार बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 श्रेणी के पुराने वाहनों को अधिकृत वाहन स्क्रैपिंग केंद्र में जमा करवाने पर वाहन मालिकों को मोटर वाहन कर में 10 वर्ष तक 100 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान है। इसके साथ ही नए वाहन के पंजीकरण शुल्क में भी 100 प्रतिशत तक छूट मिल सकती है। वाहन निर्माता की ओर से नए वाहन की कीमत में 8 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट और 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान सहित अन्य लाभ भी निर्धारित शर्तों के तहत उपलब्ध हो सकते हैं। उपायुक्त ने वाहन मालिकों से योजना की पात्रता और आवश्यक औपचारिकताओं की जानकारी लेकर समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आह्वान किया।

पर्यावरण संरक्षण में मिलेगी मदद

सतबीर सिंह ने कहा कि पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाकर नए वाहन अपनाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे एक ओर एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर वाहन मालिकों को कर, पंजीकरण और अन्य प्रोत्साहनों के माध्यम से आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा। योजना की जानकारी वाहन मालिकों, स्कूल संचालकों, निजी बस ऑपरेटरों और ट्रांसपोर्टरों तक व्यापक रूप से पहुंचाई जाए, ताकि पात्र वाहन मालिक इसका लाभ उठा सकें। बैठक में प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पीजीआई निदेशक ने वार्ड 14, 15 और एनआईसीयू में बारीकी से किया निरीक्षण

- मॉनिटरों के प्रोब का ध्यान रखें वार्ड स्टाफ : डॉ. सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने गुरुवार को वार्ड 14, वार्ड 15, एनआईसीयू और मदर एंड चाइल्ड केयर अस्पताल का विस्तृत दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को दी जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई और स्टाफ की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने वार्ड में लगे मॉनिटरों की जांच की और स्टाफ को निर्देश दिया कि मॉनिटर के प्रोब को बहुत ध्यान से रखें। उन्होंने कहा कि हमें अस्पताल के उपकरणों को काफी संभाल कर रखना चाहिए ताकि वह जल्दी खराब न हो ओर मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा मिले। इसलिए हर उपकरण की नियमित जांच जरूरी है। उन्होंने ऑक्सीजन सप्लाई को लेकर भी सख्त हिदायत दी कि किस मरीज को कितनी ऑक्सीजन देनी है, इसका पूरा ध्यान रखा जाए और अनावश्यक ऑक्सीजन का उपयोग न किया जाए। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता सिंघल, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. अल्का, डॉ. मंजूनाथ बी सी , डॉ. रोहित, डॉ. महेश माहला सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



रोहतक। वार्ड का निरीक्षण करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल। फोटो : हरिभूमि

हाईकोर्ट ने लगाई मदवि के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष के निलंबन पर रोक

रोहतक। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. भगत सिंह राठी को बड़ी राहत दी है। अदालत ने उनके खिलाफ जारी निलंबन आदेश, तथ्यान्वेषी जांच रिपोर्ट और संबंधित प्रस्ताव के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता के वकीलों ने दलील दी कि विभाग की सोसाइटी द्वारा छात्रों की उपस्थिति सुधारने के लिए लगाए गए मामूली जुर्माने की पूरी राशि (61,300) विश्वविद्यालय के खाते में विधिवत जमा कराई गई थी। इसमें किसी भी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप नहीं है। इसके अलावा, बिना आरोप-पत्र जारी किए सेवानिवृत्त अधिकारी से जांच कराने और कार्यकारी परिषद की बैठक के एजेंडे में इसे नियमानुसार शामिल न करने जैसी प्रक्रियागत खामियों को आधार बनाया गया। मामले की अगली सुनवाई 19 मई 2027 को होगी, और तब तक के लिए विवादित आदेशों पर रोक जारी रहेगी।

महम थाने के एसएचओ व मुंशी पर पेड़ काटने का आरोप, डीएसपी को दी शिकायत

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम के एक व्यक्ति ने महम थाना एसएचओ सतपाल सिंह और थाने के मुंशी युद्धवीर के खिलाफ डीएसपी तनुज शर्मा को शिकायत दी है। इस शिकायत में दोनों पुलिस कर्मचारियों पर थाना परिसर में खड़े पेड़ कटवाने का आरोप लगाया है। डीएसपी को दी शिकायत में महम के वार्ड चार निवासी अजमेर सिंह पुत्र चरण सिंह ने बताया कि वह सामाजिक कार्यकर्ता है। उसने सदर थाना महम में कई छायादार व फलदार पेड़ लगा रखे हैं। जिनकी



महम। थाने में लकड़ियों से लदी ट्रॉली।

वह खुद देखभाल करता था और पानी देता था। लेकिन एक अक्टूबर को सुबह 11 बजे जब वह पेड़ पौधों को संभालने के गया तो वहां पर देखा कि थाने का बड़ा मुंशी युद्धवीर और महम थाना प्रभारी सतपाल सिंह पेड़ पौधे कटवा रहे थे। वे लकड़ों को ट्रैक्टर ट्रॉली में डलवा रहे थे। जब उसने इस संबंध में वन विभाग के स्थानीय कार्यालय में संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि पुलिसवाले उनसे आरी व दरात लेकर गए हैं। उन्होंने कहा था कि वे पेड़ों की छंगाई करवा रहे हैं। लेकिन मौके पर मोटे मोटे पेड़ काटकर ट्रॉली भर रखी थी। जब इस बात का विरोध किया गया तो एसएचओ व मुंशी ने कहा कि उनके पेड़ हैं और वे काटने वाले हैं, तेरे को क्या परेशानी है। तेरे से जो बनता है हमारा वह कर लेना। थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि वे पेड़ पौधों का महत्व अच्छी तरह समझते हैं। थाना परिसर में खड़े पेड़ों को छंगवाया गया है। एक भी पेड़ नहीं काटा गया है। शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत में लिखे गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



सांपला। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की विभिन्न न्यायोचित एवं संवैधानिक मांगों को लेकर प्रदेशभर में चलाए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन प्रदर्शन में हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के राज्य , प्रदेश सचिव जगदीश चहल, जिला प्रधान डॉ हरिनिवास पूर्व उप प्रधान खजान सिंह खण्ड प्रधान मदन लाल मौजूद रहे। जिला प्रधान के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ज्ञापन के माध्यम से संघ ने अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यापकों एवं कर्मचारियों को उनके संवैधानिक अधिकार, समान अवसर एवं उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करवाने की मांग उठाई। इस अवसर वीरेंद्र रंगा, सुरेन्द्र कुमार मनोज कुमार, मदन लाल, दयानंद, जितेंद्र कुमार,नरेश गहलोत,ऋषिपाल रंगा,तरुण कुमार आदि मौजूद रहे।



वृद्धजनों के अनुभव और मार्गदर्शन समाज के लिए महत्वपूर्ण : प्राचार्य

महम। राजकीय महाविद्यालय महम में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता तथा युवा पीढ़ी और वरिष्ठ नागरिकों के बीच आपसी सहयोग व संवाद को बढ़ावा देना रहा। वरिष्ठ नागरिक टीएस यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। वक्ताओं ने बताया कि चौबीसी डिग्री महाविद्यालय की स्थापना में उनका महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा है। टीएस यादव ने कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत ने कहा कि वृद्धजनों के अनुभव और मार्गदर्शन समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं तथा युवा पीढ़ी को उनके प्रति सम्मान और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थित सदस्यों ने वृद्धजनों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

न्यूज डायरी

एमडीयू में रक्तदान शिविर, 76 ने लिया भाग



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आज एनएसएस सेल द्वारा सेवा संकल्प अभियान-सेवा मेरा योगदान के तहत राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। विवेकानंद पुस्तकालय के सामने आयोजित इस शिविर में स्वास्थ्य जांच के बाद 76 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने रक्तदाताओं और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। एलपीएस बॉसार्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। पीजीआईएमएस रोहतक से वरिष्ठ प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र सिंह, प्रोफेसर डॉ. रागिनी सिंह तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने शिविर में व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

हिंदू कॉलेज का शैक्षणिक दल नैनीताल रवाना



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं साहसिक भ्रमण दल बुधवार को नैनीताल के लिए रवाना हुआ। यात्रा का आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और कक्षा से बाहर व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। यह भ्रमण 1 से 4 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका आधिकारिक नाम 'वन निवास नैनीताल' रखा गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल तनेजा ने दल को रवाना किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के साथ इस शैक्षणिक एवं साहसिक यात्रा पर जाना उनके लिए खुशी की बात है। भ्रमण अभियान के संयोजक डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षणिक, मनोरंजक और साहसिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर डॉ. अनीता तनेजा, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. रीना कत्याल, डॉ. ऋतू, डॉ. हिना, मोहित, संजीव सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में वसुंधरा ने मारी बाजी

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक के अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को साहित्यिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपने संचार एवं वक्तृत्व कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में कुल 29 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों को आत्मविश्वास, स्पष्टता और प्रभावशाली अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया तथा अपनी तार्किक क्षमता, रचनात्मकता और भाषा पर पकड़ का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में अंग्रेजी विभाग की डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला, डॉ. ज्योति हुड्डा एवं डॉ. सुरेश कुमार शामिल रहे। मंच संचालन डॉ. निति आहलावत एवं डॉ. मीनाक्षी द्वारा किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में वसुंधरा ने प्रथम, सारिका ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वार्ड 18 में जनभागीदारी से चलाया सफाई अभियान निगम आयुक्त दुहन ने की स्वच्छता की अपील

रोहतक। शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वार्ड स्तर पर विशेष सफाई अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में वार्ड-18 में वार्ड सदस्य और स्थानीय निवासियों की भागीदारी से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों और संसाधनों की मदद से विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। निगम आयुक्त ने बताया कि शहर के अलग-अलग वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इन अभियानों में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी न रहकर जनभागीदारी का अभियान बने।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

11 वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी के बीच बढ़ती रेहड़ियां बनीं चुनौती

सड़क पर कारोबार करने वालों पर निगम का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

शहर की सड़कों और प्रमुख मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। सड़क के किनारे या सड़क के हिस्से पर रेहड़ियां लगाकर कारोबार करने वालों के खिलाफ निगम की टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में वीरवार को भी शहर के अलग-अलग इलाकों में निगम की टीमों ने कार्रवाई करते हुए सड़क पर खड़ी कई रेहड़ियों को हटवाया और कुछ रेहड़ियों को अपने कब्जे में लिया। नगर निगम की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले अतिक्रमण को हटाना है। निगम अधिकारियों के अनुसार कई स्थानों पर रेहड़ी संचालक सड़क के किनारे स्थायी तौर पर अपना कारोबार करने लगे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और वाहन चालकों तथा पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। व्यस्त मार्गों पर स्थिति और गंभीर हो जाती है। नगर निगम की कार्रवाई से फिलहाल सड़कों पर यातायात को राहत मिल सकती है, लेकिन रेहड़ी संचालकों के लिए स्थायी व्यवस्था करना भी जरूरी माना जा रहा है। यदि वेंडिंग जोन पर्याप्त संख्या में विकसित नहीं हुए तो कार्रवाई के बाद भी रेहड़ी संचालकों के दोबारा सड़कों पर लौटने की स्थिति बन सकती है।

कार्रवाई के बीच वेंडिंग जोन का इंतजार

एक तरफ नगर निगम सड़क और सार्वजनिक स्थानों से रेहड़ियां हटाने में जुटा है, वहीं दूसरी ओर शहर में रेहड़ी संचालकों को व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने के लिए वेंडिंग जोन विकसित करने की तैयारी भी चल रही है। निगम की योजना मार्च तक शहर में प्रस्तावित वेंडिंग जोन तैयार करने की है। इन स्थानों पर रेहड़ी और ठेला संचालकों को निर्धारित जगह उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानी है। निगम के सामने सबसे बड़ी चुनौती शहर में लगातार बढ़ती रेहड़ियों और कार्ट की संख्या है। अलग-अलग बाजारों, मुख्य सड़कों और रिहायशी क्षेत्रों के आसपास नए रेहड़ी संचालक नजर आ रहे हैं। ऐसे में सवाल यह भी है कि प्रस्तावित 11 वेंडिंग जोन में शहर में मौजूद सभी रेहड़ी संचालकों को जगह मिल पाएगी या नहीं।

सड़क से रेहडी को नहीं उठाते : संदीप बत्तरा

हम सड़कों पर अतिक्रमण वाले रेहडी वालों को हटवाते है। उनसे अतिक्रमण बढ़ता है। हमारा काम किसी को परेशान करना नहीं है। न ही किसी की रेहडी को हम उठाते है।

-संदीप बत्तरा, एलओ, नगर निगम

वृद्धजन दिवस पर छात्रों ने ली सम्मान की शपथ



रोहतक। वैश्य महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सहयोग की भावना मजबूत करने की शपथ ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। उन्होंने युवाओं से बुजुर्गों को गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करने में योगदान देने का आह्वान किया। महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस और वाईआरसी इकाइयों के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बुजुर्गों की सुरक्षा व अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता का संकल्प लिया। इस दौरान डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. विनीत बाला, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. विकास चाहर सहित कई शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।